स्नातकों के लिए योग विज्ञान में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम

शैक्षणिक सत्र (2023–24)

के लिए महत्त्वपूर्ण तिथियां

विवरण	दिनांक
मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र की उपलब्धता	12 जुलाई, 2023
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	04 अगस्त, 2023 (शाम 4:30 बजे तक)
प्रवेश परीक्षा की तिथि	13 अगस्त, 2023
प्रथम परामर्श के लिए मेरिट सूची की घोषणा	22 अगस्त, 2023
मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली में प्रवेश के लिए प्रथम परामर्श सत्र की तिथि	23 और 24 अगस्त, 2023
द्वितीय परामर्श के लिए मेरिट सूची की घोषणा	25 अगस्त, 2023
मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली में प्रवेश के लिए द्वितीय परामर्श सत्र की तिथि	28 अगस्त, 2023
शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ	1 सितंबर, 2023

विशेष सूचना

1. चयन सूची केवल मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सूचनापट पर प्रदर्शित की जाएगी तथा संस्थान की वेबसाइट www.yoga.nic.in पर अपलोड की जाएगी। उम्मीदवारों को कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं दी जाएगी।
2. आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
3. संस्थान के कार्यालय का समय सभी कार्यदिवसों में (सोमवार से शुक्रवार) सुबह 09:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक है।
4. यदि आवेदन डाक द्वारा भेजा गया हो तो कृपया आवेदन और सहायक दस्तावेजों की प्राप्ति के लिए उचित पावती प्राप्त करें।

विषय सूची

क्र.सं.	अध्याय/परिशिष्ट	पृष्ठ सं.
1.	मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान परिचय	1
2.	प्रवेश विवरणिका के विषय में	16
3.	कार्यक्रम विवरणः योग विज्ञान में डिप्लोमा	17
4.	आवेदन पत्र जमा करने का प्रारुप	19
5.	परामर्श / प्रवेश	22
6.	प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेज	24
7.	शुल्क संरचना	25
8.	सीटों का आरक्षण	26
9.	छात्रवृति	28
10.	विदेशी छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया	29
11.	परीक्षा नियम	30
12.	नियम और विनियम	32
13.	प्रपत्र भरने के निर्देश	35
14.	परिशिष्ट 1 : चिकित्सा प्रमाणपत्र	36

1 मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान

संस्थान

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (मो.दे.रा.यो.सं), सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त संगठन है तथा आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन कार्यरत है। मो.दे.रा.यो.सं. 01.04.1998 को पूर्ववर्ती केंद्रीय योग अनुसंधान संस्थान (CRIY) का उन्नयन करके अस्तित्व में आया, जिसे वर्ष 1976 में स्थापित किया गया था।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (मो.दे.रा.यो.सं.) की स्थापना योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए की गई थी। जिस प्रकार योग प्रणाली की मांग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है, उसी प्रकार संस्थान विश्वभर से लोगों की मौजूदा आवश्यकताओं और मांगों को पूरा करने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है।

उद्देश्य

संस्थान का उद्देश्य सभी के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्राचीन योग परंपराओं पर आधारित योग दर्शन और प्रथाओं की गहन समझ को बढ़ावा देना है।

लक्ष्य

संस्थान के उद्देश्य –

1. योग में प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में कार्य करना;
2. योग के क्षेत्र में दर्शन, विज्ञान एवं कला को विकसित करना तथा प्रचार एवं प्रसार करना; तथा उपरोक्त दो उद्देश्यों को पूरा करने के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण, चिकित्सा और अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करना तथा इन्हें प्रोत्साहन देना।

दृष्टि

योग के माध्यम से सभी के लिए स्वास्थ्य, खुशहाली और समरसता प्रदान करना।

ध्येय

आधुनिक युग की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए योग के आकांक्षी, शोधकर्ताओं और अभ्यासकर्ताओं को सर्वोत्तम योग शिक्षा, प्रशिक्षण, चिकित्सा और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करना।

अवस्थिति स्थान

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, 68, अशोक रोड, बंगला साहिब गुरुद्वारा के सामने, गोल डाक खाना के समीप स्थित है। यह संस्थान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 20 किलोमीटर तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लगभग 2 किलोमीटर तथा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आई.एस.बी.टी.) से 8 किलोमीटर दूर है ।

दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद और नोएडा के सभी कोनों से दिल्ली परिवहन निगम की बसों के स्थानीय परिवहन द्वारा यहां पहुंचा जा सकता है तथा मेट्रो ट्रेन यात्रियों के लिए पटेल चौक संस्थान के लिए निकटतम स्टेशन है।

प्रबंधन

संस्थान पूर्ण रूप से आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। संस्थान के प्राधिकारी और अधिकारी– अध्यक्ष, सामान्य निकाय, शासी परिषद, निदेशक और ऐसी अन्य समितियां, उप–समितियां, प्राधिकरण और अधिकारी जो शासी परिषद द्वारा नियुक्त किए जा सकते हैं, जैसे स्थायी वित्त समिति, वैज्ञानिक सलाहकार समिति, अकादमिक समिति आदि।

श्री सर्बानंद सोणोवाल
माननीय केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री, भारत सरकार
अध्यक्ष, सामान्य निकाय

श्री सर्बानंद सोणोवाल माननीय केंद्रीय मंत्री, आयुष मंत्रालय और पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, संस्थान के सामान्य निकाय के अध्यक्ष हैं। सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार शासी परिषद् के अध्यक्ष हैं। संस्थान के निदेशक संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और "विभाग प्रमुख" हैं जो संस्थान "विभाग प्रमुख" की शक्ति का प्रयोग करते हैं तथा अन्य बातों के साथ–साथ एमओए और उपनियमों में उल्लिखित कर्त्तव्यों का निर्वहन भी करते हैं।

डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई
माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, आयुष तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

वैद्य राजेश कोटेचा
सचिव आयुष,
भारत सरकार
अध्यक्ष, शासी परिषद्

सुश्री कविता गर्ग
संयुक्त सचिव आयुष, भारत सरकार
अध्यक्ष
वैज्ञानिक सलाहकार समिति तथा स्थायी वित्त समिति

निदेशक

श्री विक्रम सिंह केंद्रीय विद्युत इंजीनियरिंग सेवा, संघ लोक सेवा आयोग, 2001 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने दिल्ली इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर तथा प्रबंधन अध्ययन संकाय (एफएमएस), दिल्ली विश्वविद्यालय से व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर(एमबीए) उपाधि प्राप्त की। उन्होंने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग और उत्तरी क्षेत्रीय विद्युत समिति सहित विद्युत क्षेत्र के विभिन्न विभागों में कार्य किया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में कार्य करते हुए उन्होंने विद्युत वाहनों के लिए बड़े पैमाने पर नव्यकरणीय उत्पादन और इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरण (चार्जिंग स्टेशनों) के एकीकरण के लिए संयोजकता विनियमन में संशोधन के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान में वह निदेशक के रूप में आयुष मंत्रालय में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, तथा योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुभाग, आईएमपीसीएल, चैंपियन सेवा क्षेत्र योजनाओं आदि के कार्यों की देख–रेख कर रहे हैं। वह रक्तदान के प्रबल समर्थक हैं तथा उन्होंने दर्जनों बार स्वयं रक्तदान किया है। वह प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। उनकी विशेष रुचियों में दौड़ना, बाइक चलाना, ट्रैकिंग, लेखन तथा ध्यान शामिल हैं। उन्होंने शहीद भगत सिंह के जीवन पर एक उपन्यास भी लिखा है। (चेतना स्रोतः भगत सिंह)।

30.6.2023 को निदेशक, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की सेवानिवृत्ति के बाद, इन्हें संस्थान के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

मूलभूत सुविधाएँ

संस्थान के पास अत्याधुनिक इमारत और वातानुकूलित सम्मेलन कक्ष, सभागार, ध्यान कक्ष, योग व्यावहारिक कक्ष, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और कक्षाओं के साथ एक नवीन अत्याधुनिक परिसर है। 50 निश्चित संख्या के बैठने के लिए सम्मेलन कक्ष, एक एलसीडी प्रोजेक्टर तथा अन्य नवीनतम ऑडियो–विजुअल से सुसज्जित प्रस्तुतीकरण, बैठकें आयोजित करने, छोटा–सम्मेलन और संगोष्ठी आदि के लिए तकनीकी सुविधाएं आदि उपलब्ध है। सभागार में बड़ी संगोष्ठी, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं, जो 168 सीटों की क्षमता के साथ नवीनतम ऑडियो–विजुअल और प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित है। इसके खूबसूरत गोलाकार गुंबद से निकलने वाला प्राकृतिक प्रकाश, ध्वनि रहित ध्यान कक्ष के वातावरण को उचित रूप से स्थिर करती है।

संस्थान में लगभग 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला वर्तुल (अंडाकार) खुला मंच (एम्फीथिएटर) है। इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय योग उत्सवों, योग प्रदर्शनों और अन्य सामाजिक–सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए किया जाता है। अकादमिक खंड में नवीनतम डिजिटल ध्वनिकी के साथ सौंदर्यपूर्ण, व्यवस्थित रूप से निर्मित, अति–आधुनिक, सुसज्जित तथा पूर्णतः प्रकाशित कक्षाएं हैं जहां विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण के सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

कार्य अवधि

संस्थान सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9:00 से शाम 5:30 बजे तक कार्यरत है। हालाँकि, योग शिक्षा, चिकित्सा और प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी कार्य दिवसों पर सुबह 6:00 से रात 8:00 बजे के बीच चलते हैं। शनिवार को भी सप्ताह के अंत में निर्धारित समय में योग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

भोजनालय

संस्थान परिसर में भोजनालय की सुविधा उपलब्ध है जिसमें प्राकृतिक स्वस्थ खाद्य पदार्थ–फल एंव जूस इत्यादि सामान्य मूल्य पर उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय

संस्थान के पास केंद्रीय रूप से वातानुकूलित पुस्तकालय है, जिसमें योग और संबद्ध विषयों पर 16,000 से अधिक खंड हैं, जो सभी छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। यह आयुष पुस्तकालय को भी समायोजित कर रहा है, जहां विभिन्न भारतीय चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित साहित्य उपलब्ध हैं।

शिक्षण संसाधन केंद्र

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने योग के लिए एक शिक्षण संसाधन केंद्र (LRC) की स्थापना की। शिक्षण संसाधन केंद्र साहित्य प्रधान संसाधन है जो अकादमिक और शोध उद्देश्यों के लिए उपयोगी है। यह मुद्रित तथा साथ ही इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का एक संकर संग्रह है।

कंप्यूटर प्रयोगशाला

संस्थान में एक कंप्यूटर प्रयोगशाला है जिसमें छात्रों के लिए मुफ्त में इंटरनेट सुविधा वाले कंप्यूटर उपलब्ध हैं। प्रयोगशाला में ज़ेरॉक्स की सुविधा भी बहुत सामान्य मूल्य पर उपलब्ध है।

जैव–रसायन प्रयोगशाला

संस्थान की प्रयोगशाला तकनीकी रूप से योग्य विशेषज्ञों से सुसज्जित है, जिनके पास रोग विज्ञान संबंधी तथा जीव–रसायनशास्त्र संबंधी परीक्षणों की सुविधा है।

शिक्षण विभाग

संस्थान निम्नलिखित शिक्षण विभागों के अंतर्गत कार्यरत है:

1.	योग शिक्षा विभाग
2.	योग चिकित्सा विभाग
3.	योग दर्शन विभाग
4.	योग तथा मानव चेतना विभाग
5.	मानव शरीर रचना विज्ञान विभाग
6.	मानव शरीर क्रिया विज्ञान विभाग
7.	संबद्ध विज्ञान विभाग
8.	भाषा विभाग

इन शिक्षण विभागों द्वारा भी समर्थित हैं:

1.	योग अनुसंधान विभाग
2.	संचार एंव प्रलेखन विभाग
3.	प्रशासन विभाग

योग शैक्षिक कार्यक्रम

एम.एससी (योग)

- यह पाठ्यक्रम गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), द्वारका, नई दिल्ली से संबंधित है।
- योग की महान वृत्ति के माध्यम से बड़े पैमाने पर मानव की सेवा करने के लिए तथा छात्र को एक वैश्विक नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पाठ्यक्रम निर्मित किया गया है।
- योग अनुसंधान परियोजनाओं में सहायता के लिए जनशक्ति उत्पन्न करना।
- अस्पतालों में योग प्रशिक्षण और चिकित्सा देने के लिए चिकित्सकों/ परामर्शदाताओं की सहायता करना।
- सभी स्तरों पर योग प्रशिक्षण और योग चिकित्सा प्रदान करने के लिए जनशक्ति तैयार करना।
- जीवन शैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए छात्रों को योग चिकित्सा सिखाना।
- योग के माध्यम से छात्र में सकारात्मक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना।
- स्वास्थ्य, व्यक्तित्व के विकास और आध्यात्मिक विकास के लिए योग के बारे में सामान्य रुचि और जिज्ञासु ज्ञान को समृद्ध एवं विकसित करना।

पात्रता:

- बी.एससी (योग) अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा राष्ट्रीय प्रतिष्ठित संस्थान से न्यूनतम 50% अंकों के साथ योग विज्ञान में एक वर्षीय डिप्लोमा के साथ विज्ञान / चिकित्सा / पराचिकित्सा/ भौतिक चिकित्सा में स्नातक।

- एक अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए। इस संबंध में संस्थान के चिकित्सा अधिकारी से जारी एक चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाएगा। किसी भी पुरानी बीमारी से पीड़ित उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस पाठ्यक्रम में प्रवेश न लें।
- **प्रवेश क्षमता:** 30
- **अवधि:** कार्यक्रम की अवधि 2 वर्ष (4 सेमेस्टर) होगी

बी.एससी (योग)

- यह कोर्स गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), द्वारका, नई दिल्ली से संबंधित है।
- पाठ्यक्रम को योग ज्ञान, कौशल तथा तकनीकों को प्रदान करने के लिए निरूपित किया गया है ताकि वे संस्थागत रूप से योग्य योग वृत्ति अपना सकें। यह 3 वर्ष की अवधि का एक पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम है, जिसमें 6 सेमेस्टर शामिल हैं।
- **योग्यता:** भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान में न्यूनतम 50% अंकों के साथ केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.सी) के 10 + 2 पैटर्न अथवा विज्ञान के साथ समकक्ष) के 12 वीं कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए, बशर्ते कि अभ्यर्थी प्रत्येक विषय में अलग से उत्तीर्ण हो।
- **प्रवेश क्षमता:** 30
- **अवधि:** कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष (06 सेमेस्टर)

चिकित्सक और परा–चिकित्सक के लिए योग चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीवाईटी)

- यह कोर्स गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), द्वारका, नई दिल्ली से संबंधित है।
- पाठ्यक्रम चिकित्सा वृत्ति को जीवन शैली की बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए अपनी चिकित्सा पद्धति में योग चिकित्सा को एकीकृत करने के लिए सिखाने के लिए निरूपित किया गया है।
- जीवन शैली से संबंधित सामान्य बीमारियों के लिए योग चिकित्सा मॉड्यूल सीखने और प्रशासित करने के लिए चिकित्सा की किसी भी प्रणाली के परा–चिकित्सक और चिकित्सक स्नातकों को उन्मुख करना।
- चिकित्सा वृत्ति के लिए भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के समग्र सिद्धांतों को प्रस्तुत करना।
- योगिक प्रथाओं के मनोवैज्ञानिक–शारीरिक तंत्र पर चिकित्सा वृत्ति को उन्मुख करना।
- पाठ्यक्रम योग के माध्यम से छात्र में सकारात्मक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के लिए जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरुपित किया गया है।

योग्यता:

- भौतिक चिकित्सा (न्यूनतम 4 वर्ष अथवा उससे अधिक) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा नियामक निकाय द्वारा अनुमोदित संस्थानों से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक ।
- एक अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए। इस संबंध में संस्थान के चिकित्सा अधिकारी से जारी एक चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाएगा। किसी भी पुरानी बीमारी से पीड़ित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे इस कोर्स में प्रवेश न लें। चिकित्सा प्रमाणपत्र का प्रारूप इसके साथ संलग्न है।
- **सेवन क्षमता:** 20
- **अवधि:** पाठ्यक्रम 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) की अवधि का होगा।

स्नातकों के लिए योग विज्ञान डिप्लोमा पाठ्यक्रम

- स्नातकों के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा एक पूर्णकालिक, नियमित, गैर–आवासीय पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम को योग के ज्ञान और कौशल को प्रदान करने के लिए रूपित किया गया है ताकि अभ्यर्थियों को संस्थागत रूप से योग्य योग प्रशिक्षकों में सक्षम बनाया जा सके।
- **योग्यता:** न्यूनतम 50% अंकों के साथ भारत अथवा विदेश में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि (योग्यता परीक्षा) रखने वाला अभ्यर्थी योग विज्ञान डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र है। हालांकि, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग(पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु यह पात्रता 45% होगी।
- **प्रवेश क्षमता:** 75 (आर्थिक कमजोर वर्ग सहित) + 22 सीटें विशेष श्रेणी के लिए आरक्षित हैं। कुल सीटों के अतिरिक्त 15% सीटें विदेशी उम्मीदवारों के लिए होंगी। कुल सीटों के अतिरिक्त 05% सीटें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए होंगी।
- **अवधि:** पाठ्यक्रम 1 वर्ष (2 सेमेस्टर) की अवधि का होगा।

योग चिकित्सा सहायक के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (CCYTA)

- यह पाठ्यक्रम (सीसीआईटीए) योग चिकित्सा को समग्र जीवन के विज्ञान के रूप में प्रस्तुत करेगा। पाठ्यक्रम के दौरान, छात्र को विभिन्न मनोदैहिक और जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के उपचार और रोकथाम के लिए योग चिकित्सा की अवधारणाओं के बारे में सिखाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में आम जनता और कुल व्यक्तित्व विकास के लिए पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को निष्पादित करने के लिए छात्रों को चिकित्सीय कौशल प्रदान करने की दृष्टि है।
- **योग्यता:**
- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा समकक्ष से 10 + 2 (किसी भी स्ट्रीम) में पास।
- (ii) मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान / योग प्रमाणीकरण मंडल प्रमाणित स्तर–II (योग कल्याण प्रशिक्षक) से कल्याण प्रशिक्षण के लिए योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीआईवाईडब्ल्यूआई)
- **प्रवेश क्षमता:** 30 (कुल सीटों के अतिरिक्त 10%, 5% और 5% सीटें क्रमशः आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) और विदेशी उम्मीदवार के लिए होंगी)
- **अवधि:** एक छमाही

कल्याण प्रशिक्षण के लिए योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (CCYWI)

- पाठ्यक्रम को योग के ज्ञान, कौशल और तकनीकों को प्रदान करने के लिए रुपित किया गया है ताकि प्रतिभागियों को संस्थागत रूप से योग्य कुशल योग वृत्ति बनने और कल्याण के लिए योग सिखाने में सक्षम बनया जा सके।
- इसके अतिरिक्त, पाठ्यक्रम का उद्देश्य शास्त्रीय, वैज्ञानिक योग शिक्षा, प्रशिक्षण प्रदान करना तथा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कल्याण योग प्रशिक्षकों का सृजन करना है। पाठ्यक्रम दैनिक जीवन में कल्याण सिद्धांतों के लिए योग, इसके आधार और अनुप्रयोगों के बारे में बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के लिए केंद्रित है।
- मुख्य उद्देश्य योग शिक्षा प्रदान करने और कल्याण के लिए योग प्रशिक्षण के लिए योग में श्रेष्ठ प्रशिक्षकों का सृजन करना है।
- **योग्यता:**

(i) उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा उसके समकक्ष से 10 + 2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(ii) मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान अथवा किसी भी केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालय, योग

प्रमाणीकरण मंडल, आयुष मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त योग संस्थानों अथवा मान्यता प्राप्त वैध दस्तावेजों के साथ योग में सक्रिय शिक्षण और प्रशिक्षण में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले योग वृत्ति से कल्याण के लिए योग विज्ञान (50 घंटे) में फाउंडेशन पाठ्यक्रम।

(iii) अभ्यार्थियों को चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए। पुरानी बीमारियों वाले किसी भी व्यक्ति को प्रवेश लेने की अनुमति नहीं है।

- **प्रवेश क्षमता:** प्रति बैच 30 सीटें* कुल सीटों के अतिरिक्त 15% सीटें विदेशी उम्मीदवारों के लिए होंगी। कुल सीटों के अतिरिक्त 05% सीटें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए होंगी।
- **अवधि:** पाठ्यक्रम की अवधि एक छमाही (24 क्रेडिट) अथवा अधिकतम 6 माह की होगी। पाठ्यक्रम आमतौर पर – i) अप्रैल और ii) अक्टूबर से आरंभ होगा ।

अभ्यासक्रम प्रशिक्षक के लिए योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (CCYPI)

- पाठ्यक्रम को योग के ज्ञान, कौशल और तकनीकों को प्रदान करने के लिए रुपित किया गया है ताकि प्रतिभागियों को संस्थागत रूप से योग्य कुशल योग वृत्ति बनने और कल्याण के लिए सामान्य योग अभ्यासक्रम सिखाने में सक्षम बनाया जा सके।
- इसके अतिरिक्त, पाठ्यक्रम का उद्देश्य शास्त्रीय, वैज्ञानिक योग शिक्षा, योग प्रशिक्षण प्रदान करना और योग को बढ़ावा देने के लिए अभ्यासक्रम योग प्रशिक्षकों का निर्माण करना है।
- **योग्यता:**

i) उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा उसके समकक्ष से 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

ii) मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान अथवा किसी भी केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालय, मान्यता प्राप्त योग संस्थानों योग प्रमाणीकरण मंडल, आयुष मंत्रालय अथवा मान्यता प्राप्त वैध दस्तावेजों के साथ योग में सक्रिय शिक्षण और प्रशिक्षण में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले योग वृत्ति से कल्याण के लिए योग विज्ञान (50 घंटे) में फाउंडेशन पाठ्यक्रम।

iii) अभ्यार्थी चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए। पुरानी बीमारियों वाले किसी भी व्यक्ति को प्रवेश लेने की अनुमति नहीं है।

- **प्रवेश क्षमता:** प्रति बैच 30 सीटें* प्रति बैच 30 सीटें और बैच की मांग और संस्थान की उपलब्धता के आधार पर सीट की संख्या एवं बैच अधिक बढ़ाए जा सकता है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों का आरक्षण। कुल सीटों के अतिरिक्त 15% सीटें विदेशी उम्मीदवारों के लिए होंगी। कुल सीटों के अतिरिक्त 05% सीटें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए होंगी।
- **अवधि:** कार्यक्रम की अवधि तीन माह होगी। पाठ्यक्रम आमतौर पर – i) जनवरी ii) अप्रैल iii) जुलाई और iv) अक्टूबर आरंभ होगा।

विशेष रुचि समूह के लिए योग विज्ञान में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

- मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने विशेष रुचि समूह के कामकाजी तनाव और कौशल विकास के सामाजिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ाने के लिए, लक्ष्य समूह (अर्ध–सैन्य कार्मिक) के लिए योग विज्ञान में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आरंभ किया है। यह 4 माह की अवधि का है तथा निमंत्रण पर है।

- **प्रवेश क्षमताः** 100 (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल), 25 (दिल्ली पुलिस)

योग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

कल्याण के लिए योग विज्ञान में फाउंडेशन पाठ्यक्रम (FCYScW)

- कल्याण के लिए योग विज्ञान में फाउंडेशन पाठ्यक्रम (एफसीवाईएससीडब्ल्यू) 1 माह की अवधि (50 घंटे) का एक अंशकालिक पाठ्यक्रम है। कक्षाएं सप्ताह में 5 दिन, प्रत्येक दिन सुबह और शाम 2 घंटे की अवधि के लिए विभिन्न स्लॉट तक आयोजित की जाती हैं। हालांकि, संस्थान की सुविधा के अनुसार समय बदल सकता है।
- **योग्यताः** 10वी पास अथवा इसके समकक्ष।
- **प्रवेश क्षमताः** प्रति बैच 30 सीटें* मांग और स्थान की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक में 30 बैच हो सकते हैं।

आगामी पाठ्यक्रम

योग चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीवाईटी)

- इस कार्यक्रम के दौरान, छात्र को विभिन्न मनोदैहिक और जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के उपचार और रोकथाम के लिए योग चिकित्सा की अवधारणाओं के बारे में सिखाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में आम जनता और कुल व्यक्तित्व विकास के लिए पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को निष्पादित करने के लिए छात्रों को चिकित्सीय कौशल प्रदान करने की दृष्टि है।
- **योग्यताः**

(!) 50% अंकों के साथ योग में स्नातक की उपाधि अथवा

(!!) मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान / योग प्रमाणीकरण मंडल द्वारा प्रमाणित लेवल–II (योग कल्याण प्रशिक्षक) से कल्याण प्रशिक्षण के लिए योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम(सीसीआईडब्ल्यूआई) में 50% अंकों के साथ कोई स्नातक उपाधि अथवा

(!!!) योग चिकित्सा सहायक के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम(सीसीआईटीए) में 50% अंकों के साथ कोई भी उपाधि पार्श्विक प्रवेश (द्वितीय छमाही) के माध्यम से शामिल हो सकती है।

- **प्रवेश क्षमताः** प्रति बैच 30 सीटें।
- **परिणामः** छात्र संस्थागत रूप से योग्य योग चिकित्सक बन जाएंगे।
- **अवधिः** एक वर्ष / दो छमाही

खेल प्रशिक्षण में डिप्लोमा–स्नातक के लिए योगासन (डीएससी) (एक वर्ष की अवधि तथा एक माह का प्रशिक्षण)

- **लक्ष्यः** पाठ्यक्रम का लक्ष्य सक्षम योगासन खेल प्रशिक्षक का सृजन करना है।
- **उद्देश्यः** पाठ्यक्रम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

1. योगासन के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देना।
2. तकनीकों, योगासन प्रतियोगिता के मुख्य बिंदुओं और इसके कार्य को प्रस्तुत करना।
3. खिलाड़ी के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना।
4. योगासन को एक खेल के रूप में बढ़ावा देना।
5. खेल प्रवित्तियों के गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण के बीच अंतर को समझने के लिए।

योग्यता:

(i) 50% अंकों के साथ योग में स्नातक की उपाधि अथवा

(ii) योग प्रमाणीकरण मंडल प्रमाणित स्तर–II (योग कल्याण प्रशिक्षक) से कल्याण प्रशिक्षण के लिए योग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीआईडब्ल्यूआई) में न्यूनतम 50% अंकों के साथ कोई भी स्नातक उपाधि अथवा

(iii) योग चिकित्सा सहायक के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (सीसीआईटीए) में 50% अंकों के साथ कोई भी उपाधि पार्श्विक प्रवेश (द्वितीय छमाही) के माध्यम से शामिल हो सकती है।

- **प्रवेश क्षमता:** प्रति बैच 30 सीटें।
- **परिणाम:** छात्र संस्थागत रूप से योग्य योगासन खेल प्रशिक्षक बन जाएंगे।
- **अवधि:** एक वर्ष / दो छमाही

स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम

- **स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम (एचपीपी):** संस्थान में सभी कार्य दिवसों में प्रातः 6:00 से 7:00 बजे तक और प्रातः 07:00 से 08:00 बजे तक एक–एक घंटे का स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।
- **शनिवार योग प्रशिक्षण कार्यक्रम:** योग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार प्रातः 6.30 से 11.00 बजे तक आयोजित किया जाता है।

योग चिकित्सा कार्यक्रम

बाह्य रोगी विभाग

- संस्थान योग चिकित्सा ओपीडी के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड अस्पताल (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त है।
- योग चिकित्सा बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) जो सभी कार्य दिवसों में प्रातः 08:00 से शाम 04:30 बजे तक कार्यरत है।
- मधुमेह क्लिनिक सभी कार्य दिवसों में प्रातः 08:00 से 10:00 बजे तक कार्यरत है।
- योग चिकित्सा बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, आहार विशेषज्ञ, योग चिकित्सक शामिल हैं।
- जरूरतमंद लोग परामर्श के लिए एसएमओ के पास जाएंगे और उसके बाद उपयुक्त आहार विशेषज्ञ, योग चिकित्सक के लिए योग चिकित्सा कार्यक्रम में भाग लेंगे।
- बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) एक विकृति विज्ञान/ जैव रसायन प्रयोगशाला से जुड़ा हुआ है।
- सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 08:00 से शाम 04:00 बजे तक एक–एक घंटे का योग चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।
- **व्यक्तिगत योग चिकित्सा कार्यक्रम:** अधिकतम एक घंटे की अवधि का व्यक्तिगत योग चिकित्सा सत्र सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 से शाम 04:00 बजे तक आयोजित किया जाता है।

संस्थान के बाहर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

- संस्थान सरकारी/ निजी संगठनों/ गैर–सरकारी संगठन (आरडब्ल्यूए) को उनके क्षेत्र में (केवल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में) योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के इच्छुक लोगों को योग प्रशिक्षक प्रदान करता है। योग प्रशिक्षक अंशकालिक आधार पर प्रदान किए जाते हैं। इच्छुक संगठन आवश्यक विवरण के साथ अपने नजदीकी क्षेत्र में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

आयुष / एलोपैथी अस्पतालों में योग चिकित्सा केंद्र

संस्थान मौजूदा स्वास्थ्य संरक्षण प्रणाली में योग को मुख्य धारा में लाने के मूल उद्देश्य के साथ दिल्ली में योग चिकित्सा केंद्र चला रहा है। ये केंद्र निम्नलिखित अस्पतालों में योग परामर्श प्रदान कर रहे हैं और उम्मीदवारों / रोगियों को योग प्रशिक्षण और चिकित्सा प्रदान कर रहे हैं:

क्र.सं.	योग चिकित्सा केंद्र
1.	वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट,दिल्ली विश्वविद्यालय,नॉर्थ कैंपस,दिल्ली – 110007
2.	राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस, ढाका कॉलोनी, किंग्सवे कैंप,दिल्ली–110009
3.	राष्ट्रीय तपेदिक और श्वसन रोग संस्थान, श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली –95
4.	मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान, झिलमिल कॉलोनी, दिलशाद गार्डन, दिल्ली –95

(समयः सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 09:00 से शाम 04:00 बजे तक)

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) कल्याण केंद्रों में योग की निवारक स्वास्थ्य संरक्षण प्रणाली

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) कल्याण केंद्रों में योग की 20 निवारक स्वास्थ्य संरक्षण प्रणाली की स्थापना की है। इन इकाइयों में नियमित योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, हालांकि केवल सीजीएचएस कार्ड धारक ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

क्र.सं.	निवारक स्वास्थ्य संरक्षण प्रणाली
1.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, सी ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली – 58
2.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, सादिक नगर, सिरी फोर्ट रोड, नई दिल्ली
3.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, न्यू पुलिस लाइन, किंग्सवे कैंप, दिल्ली
4.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, शालीमार बाग, नई दिल्ली
5.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, नंगलराय, डी ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली
6.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, सदर बाजार, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली – 10
7.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, हरिनगर घंटा घर के पास, नई दिल्ली
8.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, एम.बी. सेक्टर–1, पुष्प विहार, नई दिल्ली
9.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, फ्लैट नंबर 647, 648, कृषि कुंज, इंद्रपुरी, नई दिल्ली
10.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, पालम कॉलोनी, मंगलापुरी, नई दिल्ली
11.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, नंबर 68, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
12.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, 23, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली
13.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, तिलक नगर, दिल्ली
14.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, आर. के. पुरम, सेक्टर–6, नई दिल्ली
15.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, नेताजी नगर, सी.जी.एच.एस. भवन, आर के पूरम, सेक्टर–13, नई दिल्ली
16.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, लक्ष्मीबाई नगर, नई दिल्ली
17.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, (संख्या 68), मुख्य विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली
18.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली – 32
19.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, सेक्टर–IV, पुष्प विहार, नई दिल्ली
20.	सीजीएचएस कल्याण केंद्र, कालकाजी, नई दिल्ली

(समयः सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 07:30 से दोपहर 02:00 बजे तक)

अनुसंधान गतिविधियाँ

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान में योग अनुसंधान का एक सुस्थापित विभाग है। विभाग एम्स, एलएचएमसी आदि जैसे संस्थानों/ अस्पतालों/ विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न बहु–विषयक सहयोग से कई शोध परियोजनाओं पर काम कर रहा है।

दार्शनिक–साहित्यिक अनुसंधानः संस्थान योग से संबंधित दार्शनिक–साहित्यिक शोध कार्य भी संचालित कर रहा है।

सहयोगी अनुसंधानः संस्थान विशेष क्षेत्रों के संदर्भ में योग में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख चिकित्सा संस्थानों/ अस्पतालों के सहयोग से सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन करने का प्रयोजन रखता है।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान को पारंपरिक चिकित्सा में विश्व स्वास्थ्य संगठन सहयोग केंद्र (WHOCC) के रूप में नामित किया गया हैः

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान को 4 वर्षों (2013–14) के लिए पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है । संस्थान को "गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रबंधन के लिए साक्ष्य–आधारित योग अभ्यास को बढ़ावा देने में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रयास में योगदान करने के लिए" संदर्भ की शर्तों (टीओआर) के साथ अगले चार वर्षों (2021–2025) के लिए सहयोगी केंद्र के रूप में फिर से नामित किया गया है।

योग प्रचार गतिविधियाँ

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

आयोजन को सफल बनाने में संस्थान ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सामान्य योग अभ्यासक्रम और योग डीवीडी संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञों और विभिन्न मंत्रालयों, भारत सरकार के अधिकारियों के परामर्श से तैयार किए गए थे।

योग महोत्सव

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्वावलोकन के लिए– योग महोत्सव का आयोजन किया। संस्थान 2016 से योग महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है। योग महोत्सव गणमान्य महानुभावों, प्रख्यात योग गुरुओं, योग प्रशिक्षकों, योग वृतियों, वैज्ञानिकों, अनुसंधान विद्वानों, नीति निर्माताओं और योग बन्धुत्व से संबंधित अन्य सदस्यों की सुखद उपस्थिति का साक्षी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन mYoga ऐप

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने **WHO CC** के रूप में "सामान्य कल्याण के लिए योग अभ्यासक्रम" पर एक मोबाइल प्लेटफॉर्म (mYoga) ऐप तैयार किया है, जो वैश्विक दर्शकों के लिए योग सीखने के मॉड्यूल और अभ्यास सत्र प्रदान करता है। mYoga ऐप की घोषणा भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस –2021 यानी 21 जून, 2021 को की गई थी।



वाई–ब्रेक ऐप

योग ब्रेक–I योग अभ्यासक्रम में कार्यस्थल पर व्यक्तियों की ऊर्जा को बढ़ाने के लिए तनाव मुक्त करने, तरोताजा करने तथा कार्य पर पुनः ध्यान केंद्रित करने के लिए उपयोगी योग अभ्यास शामिल हैं। कार्यस्थल पर योग ब्रेक अभ्यासक्रम संस्थान द्वारा विकसित किया गया था और इसके निष्कर्षों से एक मोनोग्राफ तैयार किया गया है। योग ब्रेक ऐप श्री सर्बानंद सोणोवाल, माननीय केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री, भारत सरकार द्वारा 1 सितंबर को प्लेनरी कक्ष, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में लॉन्च किया गया था।

Y–ब्रेक लिंकः https://www.facebook.com/मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान/videos@604185520357531

राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ (NYSF)

संस्थान ने योगासन को युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई)

संस्थान समय–समय पर योग शिक्षकों/ चिकित्सकों/ प्रशिक्षकों के लिए सीएमई आयोजित करता है। इस दौरान योग शिक्षकों/ प्रशिक्षकों/ चिकित्सकों के लिए प्रख्यात योग वृतियों अथवा संबद्ध विषयों के अनुभवी व्यक्तियों के व्याख्यानों की व्यवस्था की जाती है।

शुक्रवार वेबिनार

संस्थान प्रत्येक शुक्रवार को संस्थान के छात्रों और चिकित्सकों के साथ–साथ सोशल मीडिया मित्रों को उन्मुख करने के लिए अपने क्षेत्र में मील के पत्थर प्राप्त करने वाले प्रतिष्ठित वृतियों / महानुभावों को आमंत्रित करके वेबिनार आयोजित करता है।

सम्मेलन और कार्यशालाएं

संस्थान प्रतिष्ठित योगियों, योग चिकित्सकों और शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों के साथ–साथ योग के इच्छुक लोगों के अनुभवों का प्रसार एंव आदान–प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित योग/ चिकित्सा संस्थानों के सहयोग से नियमित रूप से सम्मेलनों/ कार्यशालाओं का आयोजन करता है।

पंचम स्वर

संस्थान हर सम महीने के पहले शुक्रवार को 'पंचम स्वर' नामक द्विमासिक सामाजिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता है। यह छात्रों और कर्मचारियों को सामाजिक–सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है तथा उन्हें स्वस्थ अंतर–व्यक्तिगत संबंध बनाने में सहायता करता है।

खेल गतिविधि

संस्थान समय–समय पर इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों का आयोजन करता है। यह उनके समग्र विकास के लिए है और स्वस्थ अंतर–व्यक्तिगत संबंध बनाने में उनकी सहायता करता है।

प्रकाशन और प्रचार

संस्थान सामान्य जनता के लाभ के लिए योग और यौगिक प्रथाओं के साथ–साथ विभिन्न रोगों पर बुनियादी पहलुओं पर पुस्तिकाएं, पत्रक, सूचनात्मक विवरणिका आदि प्रकाशित करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग उत्सव, स्वास्थ्य प्रदर्शनियों, स्वास्थ्य मेलों, त्योहारों, संगोष्ठी, सम्मेलनों आदि जैसे राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के अतिरिक्त, संस्थान त्रैमासिक समाचार पत्र प्रकाशित करता है, जिसमें संक्षेप में संस्थान की गतिविधियों और कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है। संस्थान ने सामान्यजनता के लाभ के लिए कुछ किताबें, पुस्तिकाएं, आईईसी सामग्री, योग चार्ट, सीडी, कैलेंडर आदि भी निकाले हैं।

2 प्रवेश विवरणिका संबंधित

1. प्रवेश विवरणिका

इस विवरणिका के माध्यम से, संस्थान शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए एक वर्ष की अवधि के स्नातकों के लिए योग विज्ञान डिप्लोमा पाठ्यक्रम (D.Y.Sc.) में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

2. प्रवेश विवरणिका मूल्य

आवेदन पत्र के साथ प्रवेश विवरणिका की कीमत रु.1000/– (एक हजार रुपये मात्र) है। प्रवेश विवरणिका और आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट www.yogamdniy.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली" के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डीडी के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन, नई दिल्ली में देय या ऑनलाइन के माध्यम से किए गए भुगतान रु.1000/– (एक हजार रुपये मात्र) की रसीद आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक जमा की जाएगी। प्रवेश विवरणिका की लागत अप्रतिदेय है।

3 कार्यक्रम का विवरण: स्नातकों के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा

1. पाठ्यक्रम का शीर्षक

स्नातकों के लिए "योग विज्ञान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम " कहा जाएगा।

2. पाठ्यक्रम की अवधि

पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष की होगी जिसमें अगस्त से जनवरी और फरवरी से जुलाई तक दो सेमेस्टर शामिल होंगे।

3. स्नातकों के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की आवश्यकता

योग ने आधुनिक समय में समाज के सभी वर्गों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। लोगों में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में न केवल स्वास्थ्य के संरक्षण और संवर्धन के लिए बल्कि रोगों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए भी योग अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ रही है तथा योग के सिद्ध लाभों को ध्यान में रखते हुए, यह महसूस किया जाता है कि शास्त्रीय ज्ञान का पालन करते हुए योग शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए ताकि योग में प्रशिक्षित लोग अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

कई यौगिक सिद्धांतों और तकनीकों को अब स्वास्थ्य संरक्षण प्रणाली में लागू किया जा रहा है। यह पाया गया है कि योग के क्षेत्र में पर्याप्त योग्य और सुप्रशिक्षित योग शिक्षकों/ वृतियों और शोधकर्ताओं की कमी है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान लोगों की आकांक्षाओं और मांगों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण, शिक्षण और अनुसंधान के लिए सुविधाएं प्रदान करने और बढ़ावा देने के लिए देश में योग के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सुप्रशिक्षित योग शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है। इसलिए, संस्थान निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ स्नातकों के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा प्रस्तावित करता है:

क) सुप्रशिक्षित योग प्रशिक्षक तैयार करना।

ख) माध्यमिक विद्यालयों, पूर्व विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों आदि में योग सिखाने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित संस्थागत रूप से योग्य योग प्रशिक्षकों/ वृतियों को तैयार करना।

ग) अभ्यार्थियों को योग और योगाभ्यास का ज्ञान प्रदान करना।

घ) सभी स्तरों पर शिक्षार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना।

च) सकारात्मक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास के बारे में जागरूकता पैदा करना।

छ) स्नातकों को योग को वृत्ति के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना।

4. पाठ्यक्रम

पाठ्यक्रम योग और संबद्ध विषयों में सिद्धांत विषयों, योग में व्यावहारिक और क्षेत्र प्रशिक्षण वाले पूर्वोक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए रुपित किया गया है।

पाठ्यक्रम में आयुष मंत्रालय के योग प्रमाणीकरण मंडल के "योग शिक्षक और मूल्यांकनकर्ता" स्तर–3 के प्रमाणन के पाठ्यक्रम को भी शामिल किया गया है।

5. पात्रता की शर्तें

(i) भारत अथवा विदेश में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक उपाधि (योग्यता परीक्षा) रखने वाला अभ्यार्थी स्नातक के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा के लिए आवेदन कर सकता है। हालांकि, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/अभ्यर्थियों के लिए उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता के लिए न्यूनतम 45% अंक होना अनिवार्य है।

(ii) इस पाठ्यक्रम में **प्रवेश लेने हेतु कोई आयु सीमा नहीं है**। किंतु, एक अभ्यार्थी को चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चाहिए। एक सरकारी कर्मचारी, यदि इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर रहा है, तो उसे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए।

6. सीटों की संख्या

भारतीय छात्रों के लिए सीटों की कुल संख्या 75 है। इनके अतिरिक्त, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप, उत्तर–पूर्वी राज्य और जम्मू–कश्मीर और लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेश, खिलाड़ी/ एनसीसी / एनएसएस, युद्ध शहीदों/भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए (पीडब्ल्यूडी), विदेशी छात्रों तथा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान कर्मचारियों के बच्चों के लिए 22 विशेष श्रेणी की सीटें नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

कुल सीटों की संख्याः 75 (आर्थिक कमजोर वर्ग सहित)

सामान्य योग्यता	33
अन्य पिछड़ा वर्ग	18
अनुसूचित जाति	10
अनुसूचित जनजाति	06
आर्थिक कमजोर वर्ग	08
कुल	75

विशेष श्रेणी की सीटें: 22

विदेशी छात्र	09
दिव्यांग व्यक्तियों के लिए	03
अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह	02
उत्तर–पूर्वी राज्य	02
खिलाड़ी /एनसीसी/एनएसएस	02
युद्ध शहीदों/भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित	02
मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान कर्मचारियों के बच्चे	01
जम्मू–कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश और लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेश	01
कुल	22

4 आवेदन पत्र प्रस्तुतीकरण

क) आवेदन पत्र भरना

1. चिकित्सा प्रपत्र परिशिष्ट–1 के रूप में संलग्न है

2. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान को जमा करने से पहले विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की एक फोटोकॉपी अपने पास रखें।

ख) आवेदन पत्र जमा करना

1. अपेक्षित शुल्क सहित विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र और सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के रिसेप्शन काउंटर पर सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए अथवा इसे पंजीकृत / स्पीड पोस्ट द्वारा निदेशक, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय संस्थान, 68, अशोक रोड, नई दिल्ली–110 001 को **04 अगस्त, 2023 को शाम 4:30 बजे तक** भेजा जा सकता है।

2. अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, पंजीकृत/ स्पीड पोस्ट अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा, भले ही प्रपत्र कभी भी भेजा / पोस्ट किया गया हो। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय जल्द से जल्द अपने आवेदन जमा करें।

3. सभी आवश्यक दस्तावेजों को विधिवत सत्यापित आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।

4. अपना नाम और पिन कोड सावधानीपूर्वक और स्पष्ट रूप से लिखकर पूरा पता लिखें। कृपया ध्यान दें कि इस पते का उपयोग संस्थान द्वारा भविष्य में सभी पत्राचार के लिए किया जाएगा। इसलिए इसे बहुत स्पष्ट रूप से काले बॉल प्वाइंट पेन से ही लिखा जाना चाहिए। आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा दिए गए गलत पते अथवा परिवर्तन में किसी भी तरह की त्रुटि के लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा।

5. प्रवेश नियम

एक वर्ष की अवधि के स्नातकों के लिए योग विज्ञान में डिप्लोमा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना का विज्ञापन प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में निम्नलिखित दिशा–निर्देशों के साथ दिया जाएगा:

(i) प्रवेश अधिसूचना में उल्लिखित निर्धारित शुल्क के भुगतान पर विवरणिका के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन किया जाना चाहिए। विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित फोटो प्रतियों के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।

(ii) आवेदन केवल हाथ से अथवा डाक द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि को अथवा उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। फैक्स/ईमेल के माध्यम से आवेदन अथवा निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थान किसी भी डाक देरी के लिए जिम्मेदार नहीं है।

(iii) उम्मीदवार संस्थान द्वारा आवेदन की प्राप्ति सुनिश्चित करेंगे।

